राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन

चर्चा में क्यों?

20 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 29 अगस्त से राज्य में जोधपुर की लूणी पंचायत समिति से शुरू हुए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री गहलोत ने बताया कि ग्रामीण ओलंपिक से देश में नया इतिहास रचा गया है। इसमें हर आयु वर्ग के 30 लाख से अधिक ग्रामीणों ने मैदान में दमखम दिखाया तथा लगभग 10 लाख महिलाओं ने हिस्सा लेकर ऊँची उड़ान भरी।
- उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल राज्य में 1 माह 22 दिन तक आयोजित किये गए हैं। इस खेल में 6 खेल (कबड्डी, शूटिंग बॉल, टेनिसबॉल क्रिकेट, खो-खो, वॉलीबाल, हॉकी) शामिल किये गए तथा इसमें 30 लाख से अधिक हर आयु वर्ग के महिला-पुरुष तथा लगभग 3700 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में अपना खेल कौशल दिखाया।
- मुख्यमंत्री ने समापन समारोह में विजेता टीमों (प्रथम तीन स्थान) और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को ट्रॉफी, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।
- राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल में विजेता रहे ज़िले व खिलाड़ी-

खेल	स्वर्ण पदक	रजत पदक	कांस्य पदक	सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
कबड्डी (बालक)	चूरू	हनुमानगढ़	नागौर	सोनू
कबड्डी (बालिका)	हनुमानगढ़	नागौर	अजमेर	प्रियंका
वॉलीबाल (बालक)	चूरू	झुंझुनूं	चित्तौड़गढ़	संदीप
वॉलीबाल (बालिका)	हनुमानगढ़	श्रीगंगानगर	चूरू	कविता
टेनिसबॉल क्रिकेट (बालक)	बीकाने	जैसलमेर	बांसवाड़ा	बिशनाराम
टेनिसबॉल क्रिकेट (बालिका)	जयपुर	अजमेर	उदयपुर	ज्वाला
हॉकी (बालक)	हनुमानगढ़	भीलवाड़ा	अजमेर	लवीश
हॉकी (बालिका)	हनुमानगढ़	चूरू	सीकर	नर्मदा
शूटिंग वॉलीबाल (बालक)	हनुमानगढ़	श्रीगंगानगर	जयपुर	जसविंदर सिंह
खो-खो (बालिका)	सीकर	बीकानेर	हनुमानगढ़	कंचन सामोता

- इस समारोह में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिये प्रमाण-पत्र भी सौंपा गया। यह प्रमाण-पत्र उन्हें राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक में 30 लाख से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने और एक साथ पूरे प्रदेश में खेल आयोजन के लिये मिला।
- समापन समारोह के अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री अशोक चांदना ने बताया कि राज्य में खिलाड़ियों को आउट-ऑफ-टर्न नियुक्तियाँ, नौकरियों में आरक्षण, पदक विजेताओं की सम्मान राशि में बढ़ोतरी सहित अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए हैं, जिससे राज्य में खिलाड़ियों की संख्या में भी इज़ाफा हो रहा है।
- समापन समारोह पर मुख्यमंत्री गहलोत ने बताया कि खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन में अब 26 जनवरी से राजीव गांधी शहरी ओलंपिक का आयोजन भी किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajiv-gandhi-rural-olympic-games-1